पाठ - 3 शब्द विचार

अभ्यास प्रश्नोत्तर :-

मौखिक प्रश्न -

5 (क) तत्सम शब्द किसे कहते हैं ?

उ० - वे शब्द जो संस्कृत भाषा से हिंदी भाषा में बिना किसी बदलाव के प्रयोग किए जाते हैं ,तत्सम शब्द कहलाते हैं ; जैसे - क्षेत्र , कार्य , दंत आदि ।

(ख) देशज शब्द से आप क्या समझते हैं ?

उ० - जो शब्द देश के विभिन्न प्रदेशों में प्रचलित आम बोलचाल की भाषा से हिंदी में आ गए हैं, वे देशज शब्द कहलाते हैं ; जैसे - खिड़की , लोटा , पगड़ी आदि ।

(ग) रसोईघर कौन-सा शब्द है ?

उ० - यौगिक शब्द ।

लिखित प्रश्न :-

6. (क) शब्द किसे कहते हैं ?

उ० - एक से अधिक वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं ।

(ख) शब्द कितने प्रकार के होते हैं ? नाम लिखिए ।

उ० - शब्द चार प्रकार के होते हैं - उत्पत्ति के आधार पर , रचना के आधार पर , प्रयोग के आधार पर , अर्थ के आधार पर ।

(ग) यौगिक शब्द क्या होते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए ।

उ० - वे शब्द जो दो या दो से अधिक शब्दों के योग से बनते हैं , उन्हें यौगिक शब्द कहते हैं ; जैसे - स्नानघर - स्नान + घर , राष्ट्रपति - राष्ट्र + पति ।

<u>गृहकार्य</u>

⁎⁎ अभ्यास के प्रश्नोत्तर - 1, 2, 3 और 4 तथा 'रचनात्मक कौशल' ।

⁎⁎ पूरा कार्य अपनी हिंदी की व्याकरण की कॉपी में करें ।